आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 03.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ में तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन को राष्ट्र को समर्पित किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए, कहा– दिव्यांगजनों को सहानुभूति की नहीं, बल्कि सम्मान की आवश्यकता है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार की दूरदर्शी सोच और समावेशी दृष्टिकोण के कारण देश में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समावेशन को नई पहचान मिली है।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने युवाओं से नई तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।
- और, सुगम्य भारत अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है।

नए अपराध कानूनों

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में नए अपराध कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि नए अपराध कानूनों का लागू होना उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिनकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए कानून भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं के खिलाफ बलात्कार जैसे घृणित अपराधों में सुनवाई शुरू होने के 45 दिनों के भीतर फैसला भी सुनाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन नए आपराध कानून तीन साल के अन्दर पूरे देश में लागू हो जाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 33 प्रतिशत की दिव्यांगता वाले अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनका अनुसरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थान दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि दिव्यांगजनों में

उद्यमशीलता को बढावा देने, उनके कौशल को विकसित करने, उन्हें रोजगार देने, उनके उत्पादों को खरीदने की प्राथमिकता देने और बाजार की सुविधायें प्रदान करने से दिव्यांगजनों के नेतृत्व की क्षमता बढेगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस वर्ष का विषय–समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना है।

विश्व दिव्यांग दिवस–02

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और समावेशी दृष्टिकोण के कारण देश में दिव्यांगजनों के सम्मान, सशक्तिकरण और समावेशन को नई पहचान मिली है। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 2015 में शुरू किए गए सुगम्य भारत अभियान ने दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास, शिक्षा और सहायक उपकरणों के वितरण में प्रगति हुई है।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा है कि युवा राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हो रहे हैं। देहरादून में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानना होगा, और अपनी शिक्षा को उत्कृष्टता तक ले जाना होगा। समारोह में राज्यपाल ने पदक विजेताओं में छात्राओं की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि आज का युग महिलाओं का है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बेटियों की कार्यक्षमता और सहनशीलता एक अलग स्तर की है। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों से समय की मांग को ध्यान में रखते हुए नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेटावर्स और रोबोटिक्स पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र की आवश्यकता शोध और नवाचार है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति, सभ्यता, शास्त्र, वेद और पुराण ज्ञान के भंडार हैं।

सुगम्य भारत अभियान

सुगम्य भारत अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। इसे सुलभ भारत अभियान के नाम से भी जाना जाता है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए एक सुगम और समावेशी भारत का निर्माण करना है।

पिछले 9 वर्षों में सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत दिव्यांग लोगों के लिए समावेशी विकास करने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। हजारों सरकारी इमारत और परिवहन सुविधाओं की नवीनीकरण से लेकर सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने और सुलभ टीवी सामग्री सुनिश्चित करने तक यह अभियान सार्वभौमिक सुगम्यता के लिए आधार तैयार कर रहा है। आज सभी 35 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और 55 घरेलू हवाई अड्डों में रेम्प, सुलभ शौचाल, हेल्प डेस्क और लिफ्ट ब्रेल और श्रवण प्रणाली से सुसज्जित हैं। लगभग 709 रेलवे स्टेशनों को पूरी तरह जबकि 4000 से अधिक स्टेशनों को आंशिक रूप से दिव्यांगता अनुकूल बनाया गया है। लगभग छह प्रतिशत बसें पूरी तरह से और लगभग 30 प्रतिशत को आंशिक रूप से दिव्यांगता अनुकूल बनाया गया है। वहीं इस पहल के तहत 1000 से अधिक दिव्यांगों को भारतीय सांकेतिक भाषा में प्रशिक्षित किया गया है।

भारतीय मानक ब्यूरो

खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अपर सचिव रुचि मोहन रयाल ने उपभोक्ताओं का विश्वास बनाए रखने में बीआईएस की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। अपर सचिव ने हरिद्वार बाईपास स्थित एक होटल में भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आयोजित नव लाइसेंसी जागरूकता मीट कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बीआईएस लाइसेंस लेने वाली सभी संस्थाओं पर गुणवत्ता बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के निदेशक और प्रमुख सौरभ तिवारी ने कहा कि नए लाइसेंसी अब बीआईएस परिवार का हिस्सा बन गए हैं और अगर उन्हें लगता है कि किसी विषय पर मानक तैयार नहीं है तो इसका प्रस्ताव भी भारतीय मानक ब्यूरो को भेजा जा सकता है। इस दौरान श्री तिवारी ने विभिन्न लाइसेंस, नियम व शर्तों, विनियमों आदि पर विस्तार से जानकारी दी।

परियोजना

एशियाई विकास बैंक की सहायता से हल्द्वानी में चल रही पेयजल और सीवर लाइन परियोजनाओं का कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। श्री रावत ने पेयजल और सीवर लाइनों के लिए खोदी गई सड़कों को गुणवत्ता के साथ बनाए जाने पर जोर दिया।

संक्षिप्त समाचार

ऊधमसिंह नगर जिले के चकरपुर गांव में मधुमक्खियों के झुंड ने एक परिवार पर हमला कर दिया। हमले में 51 वर्षीय एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

कुमाऊं विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। कुलपति प्रोफेसर दीवान एस रावत ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ऋषिकेश–बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चमधार के पास एक वाहन के अनियंत्रित होकर अलकनंदा में गिरने की खबर है। राज्य आपदा प्रतिवादन बल के इकाई प्रभारी अजय ने बताया कि हादसे में लापता लोगों की तलाश के लिए तलाशी अभियान जारी है।

उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े गिरोह की महिला को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। अब तक की जांच में 3 करोड़ 50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।